कालाबाजारी | 12 रसोई गैस वितरकों को नोटिस

# ग्राहक बन पहुंचे अधिकारी, मनमाने दाम बिक रहे थे सिलेंडर



**जबलपुर।** गैस एजेंसियों के द्वारा मनमाने दाम पर गैस सिलेंडर बेचने की भनक लगते ही कलेक्टर ने राघवेंद्र सिंह ने एक्शन लिया। जिसके बाद अधिकारियों की टीमों ने ग्राहक बनकर रसोई रसोई गैस वितरक एजेंसियों की जांच पड़ताल की। जिला प्रशासन द्वारा की गई जांच की कारवाई में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर रिफिल का विक्रय करने का दोषी पाये जाने पर बारह एलपीजी गैस वितरकों को कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं।

कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार घरेलू रसोई गैस के दुरुपयोग को रोकने कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह द्वारा अनुविभागवार जांच दलों का गठन किया गया था। जाँच दलों में शामिल अधिकारियों द्वारा ग्राहक बनकर रसोई गैस वितरक एजेंसियों की जांच की गई थी। जाँच दल में शामिल अधिकारी खाली सिलेंडर लेकर रसोई गैस एजेंसी पहुँचे थे और भरे हुये सिलेंडर क्रय करने की मांग गैस एजेंसी के कर्मचारियों से की गई थी।

### इन गैस एजेंसियों को नोटिस

जहां कार्रवाई हुई है उसमें बलदेवबाग स्थित अथर्व गैस एजेंसी के संचालक अमित अग्रवाल,संजीवनी नगर स्थित दीप गैस एजेंसी के संचालक आकाश नेचलानी, मदन महल स्थित गैस कंपनी के संचालक सुलभ नाईक, गोहलपुर स्थित विश्वनाथ गैस एजेंसी के संचालक सौरभ अग्रवाल, आनंद नगर आधारताल स्थित आकांक्षा गैस एजेंसी के संचालक सौरभ सिंह जाट, सदर स्थित गुजराल गैस एजेंसी की संचालक श्रीमती तविन्दर कौर गुजराल, राँझी स्थित उदयन गैस एजेंसी की संचालक श्रीमती नुपुर ठाकुर, विजय नगर स्थित दुबे गैस एजेंसी के संचालक गुलाब दुबे, चुंगी नाका राँझी स्थित ओम इंडेन गैस एजेंसी के संचालक अनिल रावतेल, कांचघर स्थित साईं विश्वा गैस एजेंसी के संचालक विनीत कुमार वाजपेयी, कटंगा स्थित मित्तल गैस एजेंसी के पार्टनर शरद मित्तल तथा धुआंधार रोड भेड़ाघाट स्थित शंकर गैस एजेंसी के संचालक विनय शंकर श्रीवास्तव शामिल हैं।

### संतोषजनक जवाब नहीं तो एक पक्षीय होगी कार्रवाई

कारण बताओ नोटिस का गैस वितरकों को तीन दिन के भीतर जबाब देने के निर्देश दिये गये हैं। तय समयावधि में तथा संतोषजनक जबाब प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी इन रसोई गैस वितरकों को नोटिस में दी गई है।

### 860 के बदले 1400 रूपए लिए

जांच में दोषी पाए गई गैस वितरक एजेंसियों के कर्मचारियों द्वारा गैर पंजीकृत उपभोक्ता होने के बावजूद जांच अधिकारियों को निर्धारित दर 860 रुपये के स्थान पर एक हजार रुपये से 1 हजार 400 रुपये लेकर प्रदान कर दिये गये। जांच दल के अधिकारियों द्वारा बकायदा इसके वीडियो बनाये गये और भुगतान भी यूपीआई के माध्यम से किया गया।



# निगमायुक्त ने पेश की मानवीय संवेदना की मिसाल

**बीमार जेठू वंशकार के जीवन में फिर लौटी मुस्कान**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम प्रशासन का चेहरा अक्सर सख्त और नियम-कायदों वाला नजर आता है, लेकिन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अपनी संवेदनशीलता से इस धारणा को बदल दिया है। करिया पत्थर मरघटाई क्षेत्र के निवासी जेठू वंशकार और उनके परिवार के लिए निगमायुक्त किसी मसीहा से कम साबित नहीं हुए। उनकी तत्परता और उदारता के चलते आज एक बीमार बेबस परिवार के घर खुशियां लौट आई हैं। जानकारी के अनुसार जेठू वंशकार काफी समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और आर्थिक तंगी के कारण इलाज करा पाने में असमर्थ थे। जब यह मामला बुधवार को निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के संज्ञान में आया, तो उन्होंने बिना देर किए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने तत्काल शासकीय चिकित्सक को फोन लगाया और जेठू का बेहतर उपचार के लिए अनुरोध किया। निगमायुक्त के अनुरोध पर जेठू के घर पहुंचकर डाक्टरों की टीम ने इलाज शुरू किया। इस मानवीय संवेदना को देखकर परिजनों के अलावा स्थानीय लोगों में भी खुशी और संवेदना के अंशु छलक पड़े।

### दफ्तर नहीं, द्वार पहुंची निगम की टीम

सिर्फ इलाज ही नहीं, निगमायुक्त ने परिवार के भविष्य की सुरक्षा का भी ध्यान रखा। उन्होंने उपायुक्त अंकिता जैन और उनकी टीम को निर्देश देकर सीधे जेठू के घर भेजा। टीम ने मौके पर ही कागजी औपचारिकताएं पूरी कीं और जेठू की रुकी हुई पेंशन को तत्काल बहाल कराया। इस मौके पर निगमायुक्त ने बताया कि निगम प्रशासन का असली उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की सेवा करना है। जेठू वंशकार के परिजनों में लौटी खुशी ही हमारी पूरी टीम के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

# करिया पत्थर मुक्तिधाम को स्वच्छ बनाने नहीं छोड़ें कोई कसर

**निगमायुक्त ने निरीक्षण में अधिकारियों को दिए निर्देश**



**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम अब शहर के मुक्तिधामों की दशा सुधारने के लिए मिशन मोड में जुट गया है। इसी क्रम में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने करिया पत्थर श्मशान घाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि इसे शहर के एक स्वच्छ स्थल के रूप में विकसित करने के कड़े निर्देश भी दिए।नगर निगम के प्रयासों से अब करिया पत्थर श्मशान घाट की सूरत बदलने वाली है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के संगम से अब यह स्थान न केवल साफ-सुथरा दिखेगा, बल्कि यहाँ आने वाले परिजनों को एक शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण भी प्राप्त होगा।

निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्मशान घाट केवल एक अंतिम संस्कार स्थल नहीं, बल्कि संवेदनाओं से जुड़ा स्थान है। उन्होंने परिसर की प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित करने के साथ परिसर में कहीं भी गंदगी का ढेर न दिखे, इसके लिए भी निर्देशित किया। निगमायुक्त ने बताया कि प्रार्थना सभा स्थल को विशेष रूप से व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा, ताकि शोक संतप्त परिजनों को वहां बैठने में सुविधा और शांति महसूस हो सके। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को परिसर में पौधरोपण के माध्यम से इसे 'ग्रीन जोन' और पेंटिंग कराने और बैठने की व्यवस्था व प्रकाश के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

# जबलपुर में स्थापित होगा देश का सबसे बड़ा मल्टी फंक्शनल ट्रेनिंग सिम्युलेटर

**मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी 14 करोड़ की लागत से करेगी स्थापित**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर के नयागांव स्थित पावर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से देश का सबसे बड़ा मल्टी-फंक्शनल थर्मल एवं हाइड्रो ऑपरेटर ट्रेनिंग सिम्युलेटर स्थापित करने जा रही है। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन अभियंताओं को विद्युत संयंत्रों के संचालन, नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन का यथार्थपरक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे प्लांट ट्रिपिंग जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह सिम्युलेटर रिमोट ऑपरेशन की सुविधा से भी युक्त होगा। इसके माध्यम से पावर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान न केवल राज्य बल्कि अन्य राज्यों की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं एवं तकनीकी विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रमुख प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी अपने कार्मिकों को उच्च स्तरीय तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबंधकीय दक्षताओं से सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यालय स्थित नयागांव में प्रशिक्षण संस्थान को अत्याधुनिक नवाचारों के साथ विकसित कर रही है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर के प्रगतिशील मार्गदर्शन में यह संस्थान देश के ऊर्जा क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं अग्रणी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है।



### कुछ इस तरह रहेंगीं विशेषताएं

कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कुमार कश्यप ने जानकारी कि प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की जा रही है, जहाँ कंपनी के सभी कॉडर के कार्मिकों को तकनीकी, वित्तीय व प्रबंधकीय विषयों पर समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वहीं निर्माणाधीन 'मंत्रा' ऑडिटोरियम एवं आईटी प्रशिक्षण केंद्र-प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 150 सीटों की क्षमता वाला अत्याधुनिक 'मंत्रा' ऑडिटोरियम निर्माणाधीन है, जिसमें सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएँ एवं विभिन्न प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 21 कम्प्यूटर एवं समर्पित कार्यस्थलों से युक्त एक आधुनिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र भी विकसित किया जा रहा है, जहाँ ईआरपी, ऑटोकैड, प्राइमावेरा सहित विभिन्न तकनीकी एवं वित्तीय सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बहुआयामी प्रशिक्षण परिसर-प्रशिक्षण संस्थान में एक अत्याधुनिक मॉडल रूम एवं डिजिटल पुस्तकालय का विकास भी किया जा रहा है, जहाँ हाइड्रो एवं थर्मल पावर प्लांटों के कार्यशील मॉडल, कोल हैंडलिंग प्लांट, टरबाइन, जनरेटर, बॉयलर, ईएसपी, कंडेंसर एवं कूलिंग टावर जैसी प्रमुख मशीनों के मॉडल स्थापित किए जाएंगे। प्रशिक्षणार्थियों के आवास हेतु लगभग 3.8 करोड़ रुपये की लागत से 16 कमरों वाला छात्रावास निर्माणाधीन है, जिसमें डाइनिंग हॉल, किचन, रिक्रिएशन हॉल एवं मिनी जिम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

# रेलवे ने नियमों में किया बदलाव, गेटमैन नहीं करेंगे ट्रेन रोकने का प्रयास

**जबलपुर, नवभारत।** ट्रैक पर दौड़ती ट्रेन अगर दो हिस्सों में बंट जाए और गेटमैन लाल झंडी की जगह हरी झंडी दिखा रहा हो तो चौंकिएगा नहीं। भारतीय रेलवे ने रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने और हादसों को रोकने के लिए ट्रेन पार्टिंग (चलती ट्रेन का दो हिस्सों में बंट जाना) की स्थिति में संकेतों के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब ऐसी आपात स्थिति में गेटमैन या आन-ड्यूटी स्टाफ लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रोकने का प्रयास नहीं करेंगे। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में सभी के जोन को जारी करते हुए नई व्यवस्था पर अमल करने का निर्देश दिया है उल्लेखनीय है कि अक्सर ट्रेन के अलग होने पर गेटमैन घबराहट में लाल झंडी दिखा देते थे, जिसे देख लोको पायलट इमरजेंसी ब्रेक लगा देता था। इससे पीछे से आ रहे कटे हुए हिस्से के अगले हिस्से से टकराने का गंभीर खतरा रहता था। इसी जोखिम को टालने के लिए अब स्टाप सिग्नल को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### इस तरह ध्यान आकर्षित करेंगे

नए नियमों के तहत अब दिन के समय गेटमैन हरी झंडी या अपने हाथ को ऊपर से नीचे की ओर लंबवत लहराकर विशेष संकेत देंगे। वहीं रात के समय सफेद रोशनी को जितना संभव हो सके ऊपर और नीचे लहराकर ड्राइवर और गार्ड को सूचित किया जाएगा। इसके साथ ही गेटमैन लगातार सीटी बजाकर या चिल्लाकर चालक दल का ध्यान आकर्षित करेंगे ताकि वे समझ सकें कि ट्रेन दो हिस्सों में बंट चुकी है। रेलवे बोर्ड की उप निदेशक यातायात श्वेता शर्मा ने पश्चिम मध्य रेलवे सहित सभी जोन के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (पीसीओएम) को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। बोर्ड का मानना है कि संकेतों में स्पष्टता आने से देशभर में एक समान सुरक्षा प्रक्रिया अपनाई जा सकेगी।

## ट्रेनों से कटकर दो की मौत

**जबलपुर।** खितौला एवं भेड़ाघाट में ट्रेनों से कटकर दो की मौत हो गई। खितौला पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह रेल्वे स्टेशन से सूचना मिली कि सिहोरा-डुण्डी रोड पर कुर्रे पिपरियाा के पास पटरी के पास एक अज्ञात पुरूष जिसकी उम्र 40-45 वर्ष की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि ट्रैकमैन ने सूचना दी कि ग्राम सिलुआ के पास रेल्वे ट्रैक में एक व्यक्ति उम्र लगभग 40-45 वर्ष की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

# फरारी के दौरान कुख्यात बदमाश ने चलाई गोली

**चौबीस घंटे में दो वारदातों को दिया अंजाम**

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदी नगर छुईखदान में फरारी के दौरान कुख्यात बदमाश ने एक बार फिर फायरिंग कर दी। आरोपित ने बीते चौबीस घंटे में दो बार फायरिंग की वारदातें की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसमें आरोपित बेखौफ वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है। मुख्य आरोपी हत्या केस में जमानत पर छूटा है और गोलीकांड में फरार चल रहा है। पीड़ित लालू पटेल 36 वर्ष निवासी छुई खदान पानी की टंकी के सामने ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डिंग साईट पर देखरेख का काम करता है। शिब्बू उसके घर से लगभग 400 मीटर उपर पहाडी पर रहता है जो बदमाश है। कुछ दिन पहले ही दिनेश झारिया के मर्डर के मामले में जमानत पर छूटकर आया है। सोमवार रात्रि प्रान्सू पासी के पान के टपरे के पास आकर खड़ा हुआ था तभी वेदी नगर की तरफसे 2 बिना नबर की एक्सिस स्कूटी में शिब्बू, अतुल साहू, अंशुल, बल्लू उर्फ सक्षम तिवारीआये थे। चारो कहने लगे कि आज कल बहुत कमाई कर रहा है, यदि इस मोहल्ले में रहना है तो हर हफ्ते पैसे देना पड़ेगा नहीं तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे, उसने पैसे देने से मना किया, तो बल्लू उर्फ सक्षम तिवारी अपने पास से चाकू निकालने लगा तभी शिब्बू खान ने कमर में फंसी पिस्टल से उसे जान से मारने की नियत से उस के ऊपर गोली चला दी थी, गोली उसके बाये ओर से निकल गई थी। इसके बाद सभी भाग गए थे। चौबीस घंटे के भीतर पुनः चारों आए और फिर से फायरिंग कर दी। शिब्बू कह रहा था कि कल बच गया अब नहीं बचेगा। हालांकि इस हमले में भी वे बच गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों की तलाश जारी है पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जायेगा



# संगठित गिरोह बना शराब तस्करी, तीन पकड़ाए

**जबलपुर।** संगठित गिरोह बनाकर शराब तस्करी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही 72 पाव देशी शराब एवं नगद 2 हजार रूपये, तलवार, चार मोबाइल, एक्सिस जब्त की गई।

गोरखपुर थानाा प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि छोटी लाईन में घेराबंदी कर एक्सिस सवार सनी चौधरी 19 वर्ष, रितिक चौधरी 21 वर्ष दोनों निवासी पोलीपाथर को पकड़ा गया। एक्सिस में बैग में 72 पाव देशी शराब कीमती 7 हजार 600 रूपये की रखी मिली। पूछताछ करने पर विशाल यादव निवासी ग्वारीघाट के लिये पिछले एक वर्ष से शराब परिवहन का काम करना बताये। जिसके एवज में 500 रूपये प्रतिदिन देना बताया। विशाल यादव के कहने पर सुमित अहिरवार, राज यादव, संजू उर्फ लंगडा पटेल काली मंदिर के पास ग्वारीघाट के यहॉ शराब वितरित करता है। विशाल यादव के कहने पर वह एवं रितिक चौधरी शराब लेकर आये है। आरोपित संगठित गिरोह बनाकर अवैध शराब का व्यापार कर रहे है। आरोपी सनी चौधरी, रितिक चौधरी विशाल यादव निवासी ग्वारीघाट, सुमित अहिरवार, राज यादव, संजू उर्फ लंगडा पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार बादशाह हलवाई मंदिर के पास दबिश देते हुये विशाल यादव 35 वर्ष निवासी ग्वारीघाट को को गिरफ्तार किया गया। विशाल यादव स्वयं के पास 2 मोबाईल एवं घर में एक तलवार रखे मिला जिसे जब्त किया गया।



### विशाल पर दर्ज है 17 अपराध

विशाल यादव शातिर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ पूर्व से बलवा कर हत्या, अवैध वसूली, एवं आबकारी एक्ट के 17 अपराध दर्ज है।

## आरपीएफ आरक्षक की बाइक हुई चोरी

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी से आरपीएफ आरक्षक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि श्रीराम भारती निवासी रेल्वे कालोनी सरकारी आवास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे आरपीएफ में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। बीती रात करीब 08:25 बजे डयूटी कर अपने सरकारी आवास में आया और बिल्डिंग के सीढी के नीचे बाहर अपनी पल्सर मोटर सायकिल क्रमांक यूपी 61 एक्स 3169 को खडी कर तीसरी मंजील रुम चला गया था फिर में खाना पीना खाकर रात करीब 10 में सो गया था।

# ढाबा चलाने दिया, चिटलर ने किया विश्वासघात

**अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत जुझारी स्थित ढाबा संचालक करने के दौरान चिटलर ने विश्वासघात किया। बिना किराए का भुगतान किए फर्नीचर, बर्तन अन्य सामान लेकर भाग गया। पुलिस ने अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति तनु कुररिया 47 वर्ष निवासी ओजस होम धनंवतरी नगर संजीवनी नगर ने लिखित शिकायत की कि उसका सम्राट श्री आर्शिवाद नाम से ढाबा दुबे पैट्रोल पंप के सामने ग्राम जुझारी गोसलपुर में स्थित है। ढाबा संचालन के लिए उसने नृपेन्द्र सिंह 33 वर्ष निवासी लेन बधरी पोस्ट बंधरा को दिया था , जिसके बाद पुनः नवीनीकरण 1 सितम्बर 25 को विधिवत लिखा पढी कर प्रतिमाह 15 हजार रूपये किराये की दर से अनुबंध किया गया था जिसमें पगडी राशि 50 हजार रूपये प्राप्त की गयी थी। किंतु नृपेन्द्र सिंह द्वारा 10 हजार रूपये मात्र किराये का भुगतान किया गया। ढाबे में उपयोगी बर्तन एवं फर्नीचर आदि उसके द्वारा रखवाया गया था जो सभी सामान ढाबे से उसकी जानकारी के बिना बताये कहीं ले गया है। सामान वापस नही कर रहा है। पूर्व में निपेन्द्र वर्ष 2024 से उक्त ढाबे का किरायेनामा सचिन गुप्ता, निवासी कुआ रयैतवारी बहोरी बंद जिला कटनी से फर्जी अनुबंध कर ढाबा संचालित करने लगा था उसे पता चलने पर मौखिक माफी नामा के आधार पर माफ करते हुये ढाबा संचालन के लिए अनुबंध किया था।

# करोड़ों के माइनिंग घोटाले के आरोप पर जवाब तलब

**याचिका में सीबीआई जांच की मांग, अनावेदकों को नोटिस जारी**



**जबलपुर।** छतरपुर में बड़े पैमाने में हुए माइनिंग घोटाले को जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दायर मामले में सीबीआई जांच पर बल दिया गया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् खनिज स्त्रोत विभाग के सचिव, मप्र स्टेट माइनिंग कारपोरेशन के एमडी, कलेक्टर छतरपुर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।यह जनहित याचिका छतरपुर की ग्राम पंचायत भैरा के सरपंच शिवराम दीक्षित व दिलीप सिंह की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि अनूपपुर की किसान मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड ने स्टेट माइनिंग कारपोरेशन के साथ 2007 में संयुक्त समझौता किया था। इसके तहत कंपनी को हर साल रायल्टी और डेवलपमेंट फीस जमा करनी थी। वर्ष 2021 में जांच के बाद कंपनी पर 19 करोड़ रुपये की रायल्टी निकाली। यह दलील दी गई कि शर्त के अनुसार कंपनी ने बैंक गारंटी के रूप में एफडी भी जमा नहीं की है। इसके बाद वर्ष 2024 में भी एक जांच हुई, जिसे दबा दिया गया। याचिका में मांग की गई कि इस मामले की स्वतंत्र एजेंसी सीबीआई से जांच कराई जाए। क्योंकि हकीकत में रायल्टी चोरी महज 19 करोड़ नहीं बल्कि 30 हजार करोड़ है। संबंधित विभाग के अधिकारियों का रवैया जांच का विषय है। कुल मिलाकर मिलीभगत से गड़बड़ी हुई है, जिस पर पर्दा डाला जा रहा है। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## यदि पात्र है तो दो नियमितिकरण का लाभ

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि यदि याचिकाकर्ता पात्र पाया जाए तो उसे 60 दिन के भीतर नियमितिकरण का लाभ प्रदान किया जाए।याचिकाकर्ता सांची यूनिवर्सिटी आफ बुद्धिस्ट-इंडिक स्टडीज रायसेन में 2014 से दैनिक वेतनभोगी बतौर कार्यरत नीलेश द्विवेदी की ओर से दलील दी गई कि यूनिवर्सिटी के कुलगुरु को निर्देश दिया जाए कि सुप्रीम कोर्ट के कर्नाटक राज्य बनाम उमा देवी के न्यायदृष्टांत की रोशनी में याचिकाकर्ता को नियमितिकरण का लाभ दें। याचिकाकर्ता ने तीन दिसंबर 2024 और सात जनवरी 2026 को अभ्यावेदन दिए थे, जो लंबित हैं। जिसका निराकरण किया जाना चाहिए।

निरीक्षण | शहर की सूरत बदलने लगातार हो रहे प्रयास

# स्वच्छता अभियान को गति देने सड़क पर उतरे निगमायुक्त

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार इन दिनों शहर की सूरत बदलने और नागरिक सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक्शन मोड में लगातार नजर आ रहे हैं। स्वच्छता अभियान और जल वितरण प्रणाली की जमीनी हकीकत जानने के लिए आयुक्त ने शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों एवं बस्तियों का पैदल भ्रमण कर गहन निरीक्षण किया।उन्होंने निरीक्षण के दौरान बारीकी से किया बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन और मजबूती के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



पैदल निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने न केवल मुख्य सड़कों, बल्कि तंग गलियों और बस्तियों के भीतर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से नाली व नाला सफाई मानसून पूर्व कराने और नियमित सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता को बनाएं जनांदोलन

इस दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वच्छता को एक 'जनांदोलन' बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के पूरे अमले को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन वार्डों में पैदल भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी और कर्मचारी जमीन पर उतरकर काम देखेंगे, तो निश्चित रूप से सफाई व्यवस्था में बदलाव दिखेगा।